जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / आर0कैम्प(सा0प्र0) / 4992 / 2021 दिनांकः 17 सितम्बर, 2021

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा प्रवेश समिति की बैठक दिनांकः 08 सितम्बर, 2021 के बिन्दु सं0–03 के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित होने वाले 05 रोजगारपरक एकवर्षीय पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों एवं अन्य संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में निम्न तथ्य ध्यातव्य हैं:–

1. पी0जी0 डिप्लोमा इन पर्ल कल्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए जीव विज्ञान या कृषि विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
2. अन्य सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों यथा–पी0जी0 डिप्लोमा इन योग एण्ड नेचुरोपैथी, पी0जी0 डिप्लोमा इन टूरिज्म एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेण्ट, पी0जी0 डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्यूनिकेशन तथा पी0जी0 डिप्लोमा इन गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। इन पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु Subject Specialization की अनिवार्यता नहीं होगी।
3. सर्टीफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता उत्तीर्ण होने के पश्चात समयान्तराल बाध्यकारी नहीं होगा।
4. बी0एससी0 (कृषि) में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट / 12वीं अथवा समकक्ष परीक्षा विज्ञान / कृषि विषयों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
5. एम0ए0 में प्रवेश हेतु सम्बन्धित विषय के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
6. एम0ए0 अर्थशास्त्र में प्रवेश हेतु बी0ए0–अर्थशास्त्र के अतिरिक्त बी0काम0, बी0एससी0 (गणित), बी0एससी0 (कृषि), एवं बी0टेक0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी अर्ह होंगे।
7. एम0ए0 गृहविज्ञान में प्रवेश हेतु बी0ए0 गृहविज्ञान के साथ स्नातक एवं बी0एससी0 (जीव विज्ञान, गृहविज्ञान विषय के साथ) उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
8. एम0एस0डब्ल्यू0 में प्रवेश हेतु किसी भी पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
9. पी0जी0डी0सी0ए0 में प्रवेश हेतु 50 प्रतिशत अंकों के साथ ऐसे स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिन्होंने इण्टरमीडिएट / 10+2 स्तर पर गणित एक विषय के रूप में पढ़े हों, अर्ह होंगे।
10. एम0एससी0 (कृषि) में प्रवेश के लिए चार वर्षीय बी0एससी0 (कृषि) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
11. एम0काम0 में प्रवेश हेतु बी0कॉम0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. जनसूचना अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
5. प्रभारी वेबसाइट को समस्त महाविद्यालयों की लागिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

उप कुलसचिव

Scanned with CamScanner